**Need for tackling pollution in Bandi river and Nehda dam in Pali Parliamentary Constituency**

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली) :** सभापति जी, आज आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण और मेरे क्षेत्र के बहुत गंभीर विषय पर बोलने का मौका दिया है । पाली लोक सभा क्षेत्र के पाली जिले में बांडी नदी और नेहड़ा बांध लगातार प्रदूषित होते जा रहे हैं क्योंकि वहां कपड़ा फैक्टरियों का गंदा पानी इनमें लगातार डाला जा रहा है । इस वजह से आस-पास जो कुएं हैं, उनमें भी कैमिकल और जहरीला पानी पहुंच रहा है । नेहड़ा बांध में जो जहरीला पानी जाता है और उससे जो सिंचाई की जाती है, उसकी वजह से जमीन भी बंजर हो चुकी है । पशु-पक्षी भी यहां पानी पीते हैं, इस वजह से उनकी मृत्यु दर ज्यादा है और उनमें बांझपन तथा प्रतिरोधक क्षमता पर बहुत ज्यादा बुरा प्रभाव आया है । पाली, जोधपुर और बालोतरा में ज्यादा कपड़ा उद्योग हैं । बालोतरा में हाल ही में रिफाइनरी बनी है । यह रिफाइनरी शुद्ध पानी राजस्थान केनाल से लेती है । इस रिफाइनरी को राजस्थान केनाल से शुद्ध पानी की जगह पाली, जोधपुर और बालोतरा के पानी को टरटिएरी ट्रीटमेंट के बाद आरओ लगाकर दिया जाए ताकि वे इस पानी का उपयोग कर सकें । नदी में प्रदूषण की वजह से कुओं का पानी भी प्रदूषित हो रहा है तथा पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है । यह प्रदूषण खत्म हो सके, इसके लिए मैं पर्यावरण मंत्री जी से और भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि अपने हिस्से से कुछ मदद अगर वह करे तो रिफाइनरी और इंडस्ट्री को फायदा हो सकता है और प्रदूषण से मुक्ति भी मिल सकती है । राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार मिलकर इस काम को कर सकती हैं । इस तरह से ही इस समस्या का हल हो सकता है ।

धन्यवाद ।